भारत सरकार
शिक्षा मंत्रालय
उच्चतर शिक्षा विभाग

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या-2432
उत्तर देने की तारीख-22/03/2023

निजी संस्थाओं द्वारा प्लेसमेंट के लिए चयन प्रक्रिया

2432 # श्री नीरज डांगीः

क्या ***शिक्षा*** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार रोजगार व नौकरी के क्षेत्र में प्लेसमेंट के माध्यम से देश में निजी संस्थानों द्वारा चयन किए जा रहे विद्यार्थियों का ब्यौरा रखती है;
(ख) यदि हां, तो गत दो वर्षों के दौरान चयनित विद्यार्थियों का वर्ष-वार, संस्थान-वार और कंपनी-वार ब्यौरा क्या है;
(ग) इन निजी संस्थानों द्वारा विद्यार्थियों की चयन प्रक्रिया में आ रही बाधाओं को किस प्रकार दूर किया जा रहा है तत्संबंधी कंपनी-वार ब्यौरा क्या है; और
(घ) सरकार द्वारा विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य को देखते हुए शिक्षा व रोजगार के क्षेत्र में अन्य क्या सुधारात्मक उपाय किए जा रहे हैं?

उत्तर

शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री
(डॉ. सुभाष सरकार)

(क) और (ख): अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) द्वारा अनुमोदित संस्थानों द्वारा छात्रों के प्लेसमेंट की सूचना एआईसीटीई पोर्टल पर दी जाती है। संस्थानों द्वारा विगत 2 वर्षों की रिपोर्ट की गई उपर्युक्त सूचना को https://www.education.gov.in/parl_ques पर देखा जा सकता है।

(ग) और (घ): छात्रों की रोजगार क्षमता में सुधार के लिए सरकार द्वारा किए गए उपाय निम्नानुसार हैं:

i. राष्ट्रीय कौशल योग्यता फ्रेमवर्क (एनएसक्यूएफ) के तहत कौशल-आधारित शिक्षा प्रदान करने के लिए उच्चतर शिक्षा संस्थानों को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) द्वारा सुविधा प्रदान की जाती है।
ii. यूजीसी ने वर्ष 2020 में "इंटर्नशिप/अप्रेंटिसशिप एंबेडेड डिग्री प्रोग्राम प्रदान करने वाले उच्चतर शिक्षण संस्थानों हेतु दिशानिर्देश" जारी किए हैं।

iii. इंजीनियरिंग के छात्रों को औद्योगिक अनुभव देने और फिर उद्योगों हेतु तैयार करने के लिए इंटर्नशिप अनिवार्य कर दी गई है।

iv. एआईसीटीई ने सभी तकनीकी संस्थानों को अकादमिक–उद्योग संपर्क को सुदृढ़ करने के लिए कम से कम 5 उद्योगों के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) करने की सलाह दी है।

v. नए उभरते क्षेत्रों में तकनीकी प्रगति को ध्यान में रखते हुए और उद्योग 4.0 की आवश्यकता की पूर्ति हेतु डेटा साइंस और एआई, रोबोटिक्स, मशीन लर्निंग आदि जैसे नए उभरते क्षेत्रों से संबंधित वैकल्पिक पाठ्यक्रम छात्रों को अब पेश किए जा रहे हैं।

vi. एआईसीटीई द्वारा अनुमोदित संस्थानों में प्रशिक्षण और प्लेसमेंट प्रकोष्ठों द्वारा विभिन्न औद्योगिक कंपनियों को अपने परिसरों में आमंत्रित किया जाता है और छात्रों को साक्षात्कार आदि के लिए तैयार कर उन कंपनियों में उनकी प्लेसमेंट को सुविधाजनक बनाया जाता है।

*****